>

Title: Need to make river Sariswa passing through East Champaran District, in Bihar, pollution free.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): सरिसवा नदी जो नेपाल से नकलकर रक्सौल प्रखण्ड जिला - पूर्वी चम्पारण, बहार में आती है, इसके प्रदूषित जल से हजारों की संख्या में लोग तथा लाखों की संख्या में पशु-पक्षी बीमार हो रहे है अथवा गंभीर बीमारी से मृत्यु हो रही है। नेपाल में उक्त नदी के तट पर कई फैक्ट्रियाँ लगी हैं व अन्य कारणों से भी इस नदी का जल प्रदूषित हो चुका है।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है क उक्त सरिसवा नदी को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में जरूरी कदम उठाएं।